transport. When you come to passengers, you have the railways carrying the passengers, at four paise, and you have the bus which takes them at nine to 10 paise. These are the three main defects; in the framework of these defects, I am proposing my various amendments.

My first amendment is in respect of the weight of the buses. For heavy buses, it has been raised from 8,200 to 11,000 and for the medium buses, from 3,000 to 4,000. What we have to consider in raising the limits is that though buses may have improved in respect of their mechanical aids, their difficulties in regard to the road or other traffic have not been remedied, in keeping with the size of the buses. Therefore, when you think in terms of liberalising the weight of the buses, you are without doubt adding to the incidence of accidents.

I would mention one thing which was reported in the papers recently. A heavy bus travelling one direction near Bangalore and a car travelling in the other direction met because the heavy bus had a deflated tyre. The result was that when the remains of the car were examined, not one of the seven bodies in the car could be identified. This is an aspect which arises both from the size and the speed of the bus. So, I would say that before you liberalise these rules in respect of weight and consequently in respect of speed, you must have better roads and you must have accident proof transport/vehicles.

I will speak tomorrow on the other amendments.

MR. CHAIRMAN : I shall put the amendment to the vote.

SHRI LOBO PRABHU : I have spoken on only one amendment.

MR. CHAIRMAN : I am putting amendment No. 40 now.

SHRI LOBO PRABHU : The time was up, and therefore, I stopped.

MR. CHAIRMAN : We will put the first amendment.

SHRI LOBO PRABHU : Tomorrow, I will speak on the second amendment.

MR. CHAIRMAN : I am putting amendment No. 40.

*Amendment No. 40 was put and negatived.*

MR. CHAIRMAN : We will now take up the other discussion. It is now 4.30.

---

**16.30 hrs.**

## MOTION RE : SUBVERSIVE AND VIOLENT ACTIVITIES IN THE COUNTRY--*Contd.*

MR. CHAIRMAN : The House will now resume further consideration of the following motion moved by Shri Prakash Vir Shastri on 16th May, 1969, namely :-

> "That the situation arising out of the encouragement being given to the subversive and violent activities in the country by certain political parties and by some foreign powers, be taken into consideration."

We have one hour.

SHRI UMANATH (Pudukkottai) : Yesterday during the discussion on drought in Rajasthan, representatives of three groups could not get any time to speak at all because the Chair said the time was over. That should not be repeated today. Whatever time is fixed, I would request you to see that all groups' representatives have their say, because the subject is important.

MR. CHAIRMAN : It is not possible to call all the parties on all the subjects.

SHRI TENNETI VISWANATHAM (Visakhapatnam) : That would be doing violence to non-violence !

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN) : There is a half hour discussion at 5.30. Therefore, I take it that this discussion will be for one hour from 4.30 to 5.30 and this is going to spill over to some other day. The debate would not be concluded today.

MR. CHAIRMAN : Shri Prakash Vir Shastri may continue his speech.

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (हापुड़) : सभापति महोदय, कुछ राजनैतिक दलों द्वारा विदेशों से सहयोग लेकर देश में जो अराजकता, तोड़-फोड़ और हिंसा की प्रवृत्तियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जो कि हमारे जनतन्त्र और स्वतन्त्रता के लिए चुनौती बन गई हैं, आज मैं उस प्रश्न को इस सदन में उपस्थित करना चाहता हूं।

जिस समय मैं इस प्रश्न पर चर्चा करने जा रहा हूं, आज से ठीक पांच दिन के बाद एक प्रमुख राज्य के मुख्य मन्त्री और उनके साथी अपनी विवशता की सीमा लांघने पर उस राज्य में साठ जगह सत्याग्रह करने जा रहे हैं। यह स्वाभाविक ही है कि जब थानों और पुलिस पर हमला करके हथियार लूटे जा रहे हों, रक्षा सामग्री ले जाने वाली गाड़ियों को जंगल में खड़ा करके लूटा जा रहा हो, विदेशों से भी धन, हथियार और साहित्य भारी मात्रा में आ रहा हो, राजनैतिक हत्याओं का सैकड़ों की तादाद में तांता लग गया हो, पुलिस और दूसरी सरकारी सेवाओं में अपने ढंग की भरती आरम्भ हो गई हो, न्यायालयों में राष्ट्र-द्रोह और फौजदारी के अभियोग सरकारी स्तर पर वापिस हो रहे हों, संविधान के स्थान पर सशस्त्र संघर्ष का आह्वान किया जा रहा हो, तो किसी राज्य का मुख्य मन्त्री विवशता की स्थिति में सत्याग्रह का सहारा ले, यह एक बड़ी गम्भीर और सोचने योग्य बात है।

**16.33 hrs.**

[SHRI VASUDEWAN NAIR *in the Chair*]

कुछ राज्यों में ऐसी भी स्थिति है कि कुछ राजनैतिक दलों ने अपनी स्वतन्त्र अदालतें बना कर सजा और जुर्माने करने भी प्रारम्भ कर दिये हैं। मेरे हाथ में एक ऐसे ही आदेश की फोटो-कापी है, जिसमें पश्चिमी बंगाल के दीनाजपुर जिले के काकी गांव में इस तरह की एक अदालत में किसी व्यक्ति पर जुर्माना किया गया है।

ये घटनायें देश के सीमावर्ती राज्यों में प्रमुख रूप से हो रही हैं। इनके केन्द्र आन्ध्र, केरल, उड़ीसा, बिहार, उत्तरप्रदेश, पंजाब और असम जैसे सीमावर्ती राज्य तो हैं ही लेकिन में इन सब राज्यों के सम्बन्ध में विस्तार में न जाकर पहले अकेले पश्चिमी बंगाल के सम्बन्ध में कुछ घटनाओं की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

पश्चिमी बंगाल में अक्तूबर से पहले पिछले सात महीनों में 378 कत्ल और 201 राजनैतिक कार्यकर्ताओं की हत्यायें हो चुकी हैं। अगस्त और सितम्बर के दो महीनों में राजनैतिक दलों में 65 आपसी संघर्ष हुए, जिनमें 673 व्यक्ति घायल हुए। रवीन्द्र सरोवर कांड के अलावा अन्य मामलों में आठ महिलाओं की इज्जत लूटी गई। 36 हाई स्कूलों के मुख्याध्यापकों को डरा धमका कर त्यागपत्र देने के लिए विवश किया गया। 37 मामलों में कानून और व्यवस्था का खुले आम उल्लंघन करके अस्पतालों के कर्मचारियों पर आक्रमण किये गये। पुलिस ने 292 मामलों में उदासीनता बरती। जिनमें 202 मामले अकेले 24 परगना जिले के है। इन सात दुर्भाग्यपूर्ण महीनों में औद्योगिक क्षेत्र के अन्दर 551 हड़तालें हुई। अगस्त तक 367 घेराव और 73 कारखानों में तालाबन्दी हुई। 5 लाख 74 हजार कर्मचारी हड़ताल और तालाबन्दी से प्रभावित हुए। 61 लाख श्रम के घन्टे बरबाद हुए और 1010 इस प्रकार के अभियोग थे जो कचहरियों में चल रहे थे लेकिन राज्य सरकार ने उनको वापस लिया। इसी तरह से 218 ऐसे गरीब और मध्यम श्रेणी के किसान थे जिनकी धरती पर बलात् कब्जा किया गया। यह घटनाएं जिनको मैं सुना रहा हूं पश्चिम बंगाल में विशेष रूप से दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, नदिया 24 परगना, हुगली, वर्दवान, पुरुलिया, मिदनापुर और विशेषकर कलकत्ता मे हुई। इसी प्रकार की घटनाएं आन्ध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में विशेष रूप से बनवासी क्षेत्र के अन्दर बढ़ रही हैं। उसके

अतिरिक्त आन्ध्र के दूसरे जिलों में भी बराबर यह गतिविधियां बढ़ रही हैं।

SHRI H. N. MUKERJEE (Calcutta North East) : Sir, I rise on a point of order. I think it is recognised parliamentary practice that if the affairs of a particular State in our Union of States is going to be discussed in the detailed manner which Shri Prakash Vir Shastri has already displayed, then that is not permissible under the rules unless there is some special reason where you can invoke the provisions of the Constitution or parliamentary procedure. I can understand Shri Shastri talking about what he says his motion purports to be, the situation which has arisen out of what he considers to be "undesirable activities" of certain people. But to give, on his own computation, particularly in relation to a particular State, namely, West Bengal, a whole host of figures which are open to doubt and controversy, and to base his motion on that, is certainly against the spirit of the rules and entirely unwarranted by the Rules of Procedure. If we are going to have a discussion on West Bengal law and order problem, if this Parliament has the right to be in possession of facts, all right let us go ahead; but why do it by the back door ? Why not we put the matter on a higher pedestal of principled discussion of what is happening in some parts of our country ? Why should we try to put the West Bengal Government in the dock, as Shri Shastri has tried to do ? He has mentioned the Rabindra Sarovar incident and even Shri Chavan must be rather ashamed in regard to the kind of exaggeration which he has made of this particular incident. I say this is absolutely unwarranted procedure and this is not a proper discussion... (*Interruptions*)

SHRI RANGA (Srikakulam) : I would like to say something on this point of order.

श्री जयपाल सिंह (खुन्टी) : मेरा भी एक व्यवस्था का सवाल है। जो बात मेरे पुराने मित्र ने कही....

MR. CHAIRMAN : I have not allowed him to raise that point of order.

SHRI JAIPAL SINGH : How can you shut out members from raising points of orders ?

MR. CHAIRMAN : Because I have to give my ruling on a point of order which has already been raised.

SHRI JAIPAL SINGH : Then I will raise mine after the ruling is given.

MR. CHAIRMAN : It is very clear to every hon. Member that the motion is worded in very general terms. It refers to the general situation of violence and subversive activities in the country. I hope hon. Members would refrain from going into the details of the law and order situation in a particular State because then the State Legislature and the State Government come into the picture. Of course, when such a discussion is taking place I cannot entirely shut out members from making some references to some of those incidents. All the same, I would request the mover as well as other members not to make an accusation or a chargesheet against any particular State government, because that will not help us. As Professor Mukerjee has rightly pointed out it should not appear that this discussion is directed against any particular State or State Government. Of course, it is obvious that we cannot be completely shut out from making any reference to any particular incident. I hope, within that limit Members will make only responsible statements in the House and we can proceed with the discussion.

SHRI S.M. BANERJEE (Kanpur) : I rise on a point of order.

MR. CHAIRMAN : Why should we waste time on orther points of order ?

SHRI S. M. BANERJEE : I can assure you, I am not going to waste the time of the House. My point of order is based on past rulings.

MR. CHAIRMAN : I am sure, both Shri Banerjee and Shri Jaipal Singh will co-operate with the Chair as well as with the House in not raising points of order at this stage.

SHRI S. M. BANERJEE : I can assure you, I will co-operate with you in the Chair and even here.

MR. CHAIRMAN : Let us now proceed with the discusston. Let us wait and see. Shri Prakash Vir Shastri may continue his speech.

श्री मोहम्मद इस्माइल (बैरकपुर) : लेकिन इसको एक्सपन्ज कराइये, अब तक उन्होंने एक ही स्टेट के बारे में कहा है ।.... (व्यवधान)....

श्री ओम प्रकाश त्यागी (मुरादाबाद) : एक के बारे मैने नहीं कहा है, दूसरी स्टेटों के बारे में भी कहा है । ...(व्यवधान)...

श्री मोहम्मद इस्माइल : आपकी रूलिंग के मुताबिक काम होना चाहिये ।

श्री प्रकाश वीर शास्त्री : सभापति महोदय, मै पश्चिमी बंगाल के बाद आन्ध्र प्रदेश की चर्चा कर रहा था...

श्री जयपाल सिंह : चेयरमैन साहब, मैं बहुत कम हिन्दी में बोलता हूं । देखिए ये हमारे पुराने मित्र हैं ...

MR. CHAIRMAN : Are you speaking on that point of order ?

SHRI JAIPAL SINGH : Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN : I have already given my ruling on that.

SHRI JAIPAL SINGH : I know.

MR. CHAIRMAN : Perhaps, it is not a point of order; you want to enlighten the House.

SHRI JAIPAL SINGH : It is a point of order.

My hon. friend, Professor Hirendra Nath Mukhopadhyaya, raised a point of order and you have already stated that a general discussion can take place but references to details or to States cannot be made.

MR. CHAIRMAN : Accusation of State Governments or of particular States should be avoided.

SHRI JAIPAL SINGH : It should be avoided if it can be avoided.

MR. CHAIRMAN : That should be avoided.

SHRI JAIPAL SINGH : My hon. friend, Shri Prakash Vir Shastri cannot make out his case unless he gives you instances.

SHRI R. D. BHANDARE (Bombay Central) : That he has allowed.

SHRI JAIPAL SINGH : Then how do you avoid instances ? I want to know that. My hon. friend, Shri Prakash Vir Shastri has been to my State. He has been to Ranchi, my constituency.

MR. CHAIRMAN : I cannot allow this speech to go on like this. I cannot be indulgent to one hon. Member like that.

SHRI JAIPAL SINGH : Professor Hirendra Nath Mukherjee has raised a point that details cannot be mentioned and you say that little things can be mentioned. I want to know...(*Interruption*)

MR. CHAIRMAN : Will you please read the motion yourself ? The motion is about the activities of certain political parties and some foreign powers. The motion itself is an obvious motion. It is not a chargesheet against any State Government. You cannot accuse the State Governments

SHRI JAIPAL SINGH : I submit...... (*Interruption*)

MR. CHAIRMAN : Order, Order. This cannot continue.

SHRI JAIPAL SINGH : I submit to you. I sit down.

श्री प्रकाश वीर शास्त्री : सभापति जी, मैंने प्रारम्भ में यह कहा था कि देश के सीमावर्ती राज्यों में विशेषकर इस प्रकार की घटनायें हो रही है । बंगाल के पश्चात् मैंने

आन्ध्र की घटनाओं का कुछ उल्लेख किया था। उसके पश्चात् तीसरा उल्लेख में उड़ीसा के सम्बन्ध में कर रहा था। उड़ीसा के उप-मुख्य मन्त्री, श्री पवित्र मोहन प्रधान से अभी कुछ दिन पहले दिल्ली में ही मुलाकात हुई थी। उन्होंने बताया कि आन्ध्र और उड़ीसा की सीमा पर इस प्रकार की दर्दनाक घटनाएं भी होती हैं कि जीवित आदमियों को पेड़ पर लटका कर उसके शरीर के एक एक अंग को पृथक पृथक काटा जाता है–और सबके सामने इस प्रकार का प्रदर्शन होता है और कहते हैं देखो हमारे विरोध करने का क्या परिणाम सामने आता है ?

अभी कुछ दिन पहले असम के वित्त मन्त्री श्री त्रिपाठी ने 21 मार्च को राज्य विधानसभा में एक वक्तव्य दिया कि शिव सागर जिले में नागा विद्रोहियों के साथ मिल करके जो इस प्रकार के तत्व हैं वे किस तरह से असम सरकार का तखता पलटने का यत्न कर रहे हैं। उन तत्वों ने अपने कार्यक्रम में अनेक बातें रखी हैं जैसे रेल के पुलों को उड़ाना, पाइप लाइन, पेट्रोल डिपो और हवाई अड्डो को नष्ट करना इत्यादि। इसी प्रकार की कुछ घटनाओं की आवृत्ति उत्तर प्रदेश में हुई हैं। बिहार की जो सीमा नेपाल से लगती है वहां पर भी इस तरह की घटनायें हुई है। पंजाब में रोपड़ के पास भी इसी प्रकार की घटनायें हुई है। केरल में भी ऐसी ही घटनायें हुई हैं।

मैं इन सब बातों के विस्तार में अधिक न जाकर प्रमुख रूप से इस बात पर आता हूं कि आखिर इन सब का सूत्र संचालन कहां से हो रहा है।......(व्यवधान) —अबसे कुछ दिन पहले अप्रैल के महीने में....(व्यवधान)

**श्री इसहाक साम्भली (अमरोहा):** यू०पी० का जिक्र नहीं किया कि जिला मुजफ्फर नगर में श्री जैन को बी० के० डी० वालों ने मार डाला।...(व्यवधान)...

[ شری اسحاق سمبھلی (امروھہ)
یو پی کا ذکر نھیں کیا کہ ضلع مظفرنگر
مھیں شری جین کو بی-کے-ڈی-والوں نے
مار ڈالا...(ویودھان)-]

**श्री कंवरलाल गुप्त (दिल्ली सदर) :** चोर की दाढ़ी में तिनका ...(व्यवधान)

**श्री प्रकाश वीर शास्त्री :** सभापति जी, मैं यह कह रहा था कि इन सबका सूत्र संचालन कहां से होता है मैं उसकी पृष्ठभूमि में ले जाना चाहता हूं। सदन के सदस्यों को ज्ञात होगा कि अभी कुछ दिन पहले अप्रैल के महीने में चीन में साम्यवादी पार्टी का 9वां सम्मेलन हुआ था। उसमें उन्होंने दक्षिण पूर्व एशिया के सम्बन्ध में अपने दस्तावेज पेश किए कि किस किस देश में हमारा कार्यक्रम किस ढंग से चल रहा है। भारत के सम्बन्ध में भी, पार्टी के जो उपाध्यक्ष श्री लिन पियाओ हैं, उन्होंने अपने कुछ कार्यक्रम दिए। सारी बातें बताते हुए उन्होंने भारत सरकार पर एक आरोप लगाया कि भारत में इस समय जो सरकार चल रही है वह रूस, अमरीका और ब्रिटेन की दास हो चुकी है। हम इस प्रकार का वातावरण वहां पर उत्पन्न कर रहे हैं कि समय आने पर एक धक्के में उस सरकार को वहां से हटाया जायेगा ये सारी योजनायें वहां पर बैठ कर बन रही हैं। उसी आधार पर भारत वर्ष में जो कुछ कार्यक्रम तैयार किए गए हैं उनमें से कुछ इस प्रकार हैं;

1. सत्ता बन्दूक की नोक से बदली जा सकती है संविधान से नहीं। सत्ता वोट से नहीं, बुलेट से बदली जा सकती है।

2. किसानों, मजदूरों और छात्रों को सशस्त्र संघर्ष के लिए उभारा जाये।

3. कारखानों के अन्दर घुसकर तोड़–फोड़ की जाये और उत्पादन में बाधा उत्पन्न की जाये।

[श्री प्रकाश वीर शास्त्री]

4. कानून और व्यवस्था को हाथ में लिया जाये। थानों और पुलिस पर हमले किये जायें, इत्यादि।

अखिल भारतीय गोदी कर्मचारी संघ के महामन्त्री, श्री कुलकर्णी ने भी बम्बई में अभी इस तरह के तथ्य का उद्घाटन किया। उन्होंने लिखा था कि पेकिंग से इस प्रकार के निर्देश, उनके निर्देश पर काम करने वाली पार्टियों को आये हैं जिसमें उन्होंने कहा है कि सशस्त्र सेनाओं में, रक्षा प्रतिष्ठानों में और पुलिस के अन्दर भी हमारी पार्टी के लोग प्रवेश करें। उसका प्रकार यह होना चाहिए की उनका रहस्य न खुले इसके लिए हमेशा अपने पास गीता की पुस्तक, कुरान या बाइबिल रखें जिससे उनका रूप धार्मिक रहें। अगर कहीं उनको अपनी मीटिंग करनी हो तो मन्दिर, मस्जिद जैसे स्थानों में करें। यानी इस प्रकार से अन्दर प्रवेश करके तोड़-फोड़ की कार्यवाहियां की जाय और बाहर सशस्त्र विद्रोह किया जाये। यह गोदी कर्मचारी संघ के सेक्रेटरी ने कहा था। इसी सन्दर्भ में शायद गृह मन्त्री श्री चव्हाण को याद होगा कि वे इस सदन में स्वीकार कर चुके हैं कि चीनी दूतावास से केरल में कुछ स्थानों पर मनीआर्डर भेजे गये। केवल गृह मन्त्री श्री चव्हाण ने ही स्वीकार किया हो, ऐसी बात नहीं है, केरल के भूतपूर्व मुख्य मन्त्री, श्री नम्बूद्रीपाद ने स्वयं 26 मार्च को केरल विधान सभा में इस तरह का एक वक्तव्य दिया था और उन्होंने कहा था कि हमारे यहां के वामपंथी साम्यवादी सदस्य श्री कुन्नीकल नारायणन हैं जिनको चीनी दूतावास से दूकान खोलने के लिए धन मिला। इस प्रकार से उन्होने स्वीकार किया कि चीनी दूतावास से यहां पर आर्थिक सहायता आई। रायपुर में गृह राज्य मन्त्री, श्री विद्याचरण शुक्ल ने भी इस बात को स्वीकार किया कि राजनीतिक पार्टियां विदेशों से धन लेकर काम चलाती हैं। जब इस तरह के वक्तव्य गृह मन्त्री श्री चव्हाण ने भी दिए हैं तब मैं चाहूंगा कि जब वे उत्तर दें तो इस बात को बतायें कि आपके गुप्तचर विभाग ने इस प्रकार के जो आंकड़े दिए हैं उनमें क्या कुछ इस प्रकार का धन है जो चीन से आता हैं और यहां पर उसका प्रयोग राजनीतिक तोड़-फोड़ के कार्यों में किया जाता है। पूर्वी पाकिस्तान के माध्यम से धन और हथियार दोनों आ रहे हैं। उधर बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा पर नेपाल के अन्दर एक पार्टी है जिसका नाम है माओइस्ट कम्युनिस्ट पार्टी जिसका भारतवर्ष की कुछ पार्टियों के साथ सम्बन्ध है। वहां पर ट्रेनिंग देने का काम, हिन्दी में लिट्रेचर छाप छाप करके बांटने का काम, धन बांटने का काम, इस प्रकार के कार्यक्रम वहां चल रहें है। ये सारी घटनायें उस समय और भी अधिक प्रकाश में आयी जिस समय पहली मई, 1969 को कलकत्ता में कनु सानयाल ने अपनी एक नयी पार्टी का उद्घाटन किया और उन्होंने मार्क्स-लेनिनवादी पार्टी को कार्यक्रम दिया उसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि माओ की नीतियों का अनुसरण करना हमारा प्रमुख रूप से ध्येय रहेगा। अन्डर ग्राउन्ड (भूमिगत) रह कर हम कार्य करेंगे। देश के विभिन्न क्षेत्रों में सशस्त्र क्रान्ति की तैयारी करेंगे, और हमारी पार्टी की आस्था चीन की पार्टी के साथ में रहेगी। सशस्त्र संघर्ष में आस्था रखने वाले ही इसके सदस्य होंगे, क्रान्ति की परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाया जायगा। इसी प्रकार के कार्यक्रम उन्होंने दिये कि कृषक वर्ग में किस तरह से क्रांति की जा सकती है। कैसे उनको सशस्त्र विद्रोह के लिए तैयार किया जाता है? लेकिन मैं इन सारी बातों को कहने के बाद इस सरकार को दोषी ठहराना चाहता हूं। मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि या तो अभी तक वह इन सारी विषमताओं की जो गम्भीरता है, या जो सशस्त्र क्रान्ति की तैयारी देश में चल रही हैं, उसकी गम्भीरता को अनुभव नहीं कर रही है। या फिर मेरा यह दोषारोपण है कि अगर सरकार गम्भीरता अनुभव कर रही है तो सरकार के अन्दर कुछ व्यक्ति इस प्रकार के है जिनके मन में इस प्रकार की प्रवृत्तियों के लिए सोफ्ट कार्नर है।

जो इस प्रकार की प्रवृतियों को देश में चालू रहने देना चाहते हैं।

आखिरकार यह बात क्या है ? जब सरकार समझती है कि जनतंत्र के लिए चुनौती दी जा रही है, संविधान के लिए चुनौती दी जा रही है, जेलों को खुलवाकर कैदियों को वहां से निकाला जा रहा है, अन्दर घुसकर करोड़ों रु० की सम्पति हमारे कारखानों की नष्ट की जा रही है, खेतों खलिहानों पर बलात कब्जे किये जा रहें हैं, राजनीतिक हत्यायें हो रही है, फिर सरकार चुप्पी साधे क्यों बैठी है। क्यों नहीं इस दिशा में कोई सक्रिय कदम उठाती है ?

कलकत्ते से "देशवृर्ती" नाम का एक पत्र निकलता है, उसमें स्पष्ट रूप से घोषणा की गयी कि हमारा राष्ट्रपति माओसे-तुंग है, वी० वी० गिरी नहीं हो सकता है। तो इतनी सारी बातें होने के बाद अगर सरकार चुप्पी साधती है तो यह शुतुर्मुर्गी नीति है, जैसे वह विपत्ति को देख कर रेत में अपनी गर्दन छुपा लेता है। यह नीति इस देश में नहीं चलेगी।

दूसरी बात जो मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं वह यह है कि हमारे देश में एक वह भी समय था, गृह मन्त्री, श्री चव्हाण को याद होगा, जब नन्दा जी ने एक बार इसी प्रकार की प्रवृतियों पर प्रतिबन्ध लगाया था। उस समय उन्होंने बताया कि कुछ लोग गुप्त रूप से इस प्रकार का षडयन्त्र बना रहे थे, इसलिए विवश हो कर यह कदम उठाना पडा। लेकिन जब स्पष्ट रूप से षड्यन्त्र सामने आ गया और खुल्लमखुल्ला नारे लगने लगे और खुलकर कनु सान्याल, चारू मजूमदार, जंगल संथाल और नागी रेड्डी, ये सब दहाड़ रहे हैं, उस समय गृह मंत्रालय यह सोचे कि सामाजिक स्तर पर हम उनका समाधान करेंगे, सरकारी स्तर पर समाधान नहीं करेंगे तो यह बात मेरी समझ में नहीं आती।

आज सात पार्टियां हैं विशेष रूप से जो काम कर रहीं हैं। पहले साम्यवादी पार्टी एक थी। 1962 में बट कर उसके दो टुकड़े हो गये—एक वाम पन्थी और दूसरा दक्षिण पंथी। फिर 1967 में नक्सलाइट ग्रुप निकला। लेकिन अब जो अनेक नये गुट बन गये हैं—नागी रेड्डी ग्रुप, दक्षिण देश, लाल झंडा, कहीं खेत मजदूर, कहीं दक्षिण कम्युनिस्ट, कहीं मार्क्सवादी लेनिनवादी, मिथी गुट,--जो इस प्रकार के गुट हैं जो देश के अन्दर इस प्रकार के कार्यक्रम कर रहे हैं उनको रोकना अत्यन्त आवश्यक है।

इसलिए मैं चाहता हूं कि सरकार को कुछ सुझाव दूं। और मैं इन शब्दों में देना चाहता हूँ :

1. पहला मेरा सुझाव तो यह है कि देश द्रोह की बीमारी के ये कीड़े कहां कहां और किन कारणों से पनप रहें हैं, उन कारणों को दूर किया जाय। केवल यही नहीं कि उनके ऊपर कोई कार्यवाही की जाय। जिन कारणों से यह बुराई पैदा हो रही है उन कारणों का भी समाधान सरकार और देश को मिलकर सोचना चाहिए।

2. दूसरा सुझाव यह है कि संविधान और जनतन्त्र के विरुद्ध जिन संगठनों ने योजनाबद्ध अभियान छेड रखे हैं उन्हें सख्ती के साथ दबाया जाय।

3. तीसरा सुझाव यह है कि हिंसा, तोड़-फोड़, अराजकता और हत्या जिनके कार्यक्रम का अंग हो और जिनका संचालन सूत्र भारत से बाहर बैठकर हिलता हो उन राजनीतिक दलों को भारत में कार्य करने की अनुमती न दी जाय।

4. चौथा सुझाव यह है कि जो राज्य सरकारें इन प्रवृतियों को सरकारी प्रश्रय

[श्री प्रकाश वीर शास्त्री]

दे रही हैं वहां केन्द्र सरकार केवल मूक दर्शक बनी न देखती रहे। वहां की स्थिति भयंकर होने के पूर्व अपने अधिकारों का प्रयोग करें। इसके लिए अगर संविधान में संशोधन करने की भी आवश्यकता हो, तो सरकार को संविधान में संशोधन करना चाहिए लेकिन देश को अराजकता के मार्ग पर जाने से बचाना चाहिए।

पांचवा सुझाव यह है कि चीन और पाकिस्तान जो सीमाओं पर हमले की तैयारी के अतिरिक्त अन्दर भी गड़बड़ पैदा करने में लगे हैं, उनसे राजनीतिक सम्बन्ध समाप्त कर दिये जायें। आस्तीन के सांप पालना दिमागी दिवालियेपन का प्रमाण है।

छटा सुझाव यह है कि जनतन्त्र विरोधी साहित्य विशेषकर माओ और लिन पियाओ आदि के साहित्य को भारत में बिक्री पर प्रतिबन्ध लगाया जाय।

सातवां सुझाव यह है कि साम्यवाद और सम्प्रदायवाद (कम्युनिज्म और कम्युनलिज्म) का चीन और पाकिस्तान के समझौते के बाद भारत में जो नया गठबन्धन हुआ, उसके परिणामों से सावधान रहा जाय और उससे देश को बचाया जाए।

और अन्त में मेरा सबसे महत्वपूर्ण सुझाव यह है, जिसको मै विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि अपनी कुर्सी अथवा सत्ता में बने रहने के लिए कोई ऐसा कदम न उठाया जाय जो देश में इस प्रकार के साम्यवादी तत्वों को प्रोत्साहन दे।

**सभापति महोदय** : श्री प्रेमचन्द वर्मा....

**श्री स० मो० बनर्जी** : चरण सिंह साहब को मुख्य मन्त्री बना रहे हैं ?

**श्री शिव नारायण** (बस्ती) : बनर्जी साहब को यहां का इन्फार्मेशन मिनिस्टर बना दिया जाए। (व्यवधान)

**श्री प्रेम चन्द वर्मा** (हमीरपुर) : सभापति जी, जो प्रस्ताव सदन के सामने है, उसमें श्री शास्त्री जी ने बहुत सी बातों का उल्लेख किया है। बेशक वे बातें कुछ लोगों को कड़वी लगें लेकिन उन में सच्चाई बहुत हद तक है और जो लोग हकीकत को नजरान्दाज करते हैं और सच्चाई को सामने देखते हुए आंखों को बन्द करते हैं, वे लोग वास्तव में जनता का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी को नहीं निभाते।

**एक माननीय सदस्य** : चव्हाण साहब को कहिए।

**श्री प्रेम चन्द वर्मा** : मुझे बोल लेने दीजिए। ऐसी बातें मुझे भी करनी आती है।

**श्री इसाहाक सम्भाली** (अमरोहा) : कभी सिंडीकेट में बैठते हैं, कभी यहां बैठते हैं। ....(व्यवधान)....

[شری اسحاق سمبھلی-ء کبھی سنڈیکیٹ میں بیٹھتے ھیں کبھی یہاں بیٹھتے ھیں-]

**श्री प्रेम चन्द वर्मा** : मैं यह समझता हूं कि यही वे लोग हैं जो इस तरह की कार्यवाही करते हैं, वे इस सदन में भी शान्ति नहीं रखना चाहते और जमूहरियत के गले को काटना चाहते हैं, किस ढंग से काटना चाहते हैं ...(व्यवधान)... बेशक वे आज हमारा साथ दे रहे हों लेकिन सच्चाई यह है कि देश में जो हालात इस वक्त है कानून के और जिस तरह के उन्होने उदाहरण दिये बंगाल के, वही हालत सारे देश में होने वाली है। मैं पत्रकार होने के नाते यह कह सकता हूं, विश्वास से कह सकता हूं कि ये लोग जो इस प्रकार का देश में एक वातावरण पैदा कर रहे हैं कि वे ताकत के जोर से, गुंडागर्दी के जोर से अपनी बातें मनवाने के लिए हर हर्बा, हर तरीका इस्तेमाल करते रहें, वे तरीके हिन्दुस्तान में कबूल नहीं होगें बेशक थोड़ समय के

लिए वे उन से लाभ उठा सकते हैं। शास्त्री जी ने कहा कि राजनितिक तौर पर जो घटनाएं बंगाल में हो रही हैं, कौन व्यक्ति है जो उनसे सहमत नहीं हो सकता। एक पार्टी के कार्यकर्ता दूसरी पार्टी से लड़ रहे हैं और जनता का वहां पर दिवाला निकल रहा है। वहां के कारोबार का सत्यानाश हो रहा है। इकानामिक कंडीशन जो वहां पर है उसका बेड़ा गर्क हो रहा है। बंगाल की जो हालत हो रही है यहां पर भी ये लोग करना चाहते हैं। जो कुछ ये कर रहे हैं, इससे यह अंदाजा लगा सकते हैं कि इनमें सच्चाई नहीं है। अगर इनमें सच्चाई हो तो ये सुनें, दूसरे की बात को सुनें। और जम्हूरियत का ढिंढोरा पीटने वाले लोग दूसरे की बात को टोकते नहीं हैं। जो प्रतिनिधि जम्हूरियत पर विश्वास करते हैं, वह अपने विरोधी की बात सुनते हैं, ये कहते हैं कि ये बोलते नहीं हैं। .... (व्यवधान)।

**17 hrs.**

**श्री इसहाक सम्भली :** आप न्यूज़प्रिंट का कोटा लेते हैं और उसको ब्लेक मार्किट में बेचते हैं।

[شری اسحاق سمبھلی-آپ نیوز پرنٹ کا کوٹا لیتے هیں اور اس کو بلیک مارکیٹ میں بیچتے هیں-]

**श्री प्रेम चन्द वर्मा :** सभापति महोदय, मैं नहीं बोलूंगा अगर इस तरह से ये टोका-टाकी करेंगे।

**श्री इसाहक सम्भली :** कितना कोटा मिलता है न्यूज़प्रिंट का ?

[شری اسحاق سمبھلی-کتنا کوٹا ملتا هے نیوز پرنٹ کا ؟]

**श्री प्रेम चन्द वर्मा :** सभापति महोदय, मैं यह चाहता हूं ...(व्यवधान)। मैं सदन के सामने इस बात को लाना चाहता हूं कि इस बीमारी का इलाज क्या है, इसकी जड़ ये हैं। ....(व्यवधान)

सभापति महोदय, जम्मू-काश्मीर में, आंध्र प्रदेश में और बहुत से प्रदेशों में ऐसी बातें हो रही हैं जहां पर देश के दुश्मन जो इस देश में रहते हैं, वह विदेशों से मिलकर वहां पर कार्यवाहियां कर रहे हैं। वह इस मज़हब का भी हो सकता है और दूसरे मज़हब का भी हो सकता है। वह एक दल का भी हो सकता है और दूसरे दल का भी हो सकता है। लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि सारे देश के अन्दर एक तरह का इंकलाब लाने की कोशिश की जा रही है और जिस इंकलाब को खूनी इंकलाब कहा करते हैं।

मैं आपके सामने एक चीज कहना चाहूंगा जो बड़े महत्व की है और सदन के कुछ व्यक्तियों को शायद वह अच्छी न लगे। मैं माननीय गृह मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि इस बीमारी का स्त्रोत जो शास्त्री जी ने बताया वह मैं नहीं बताना चाहता हूं। मैं बताना चाहता हूं कि वह स्त्रोत यह है कि विदेशों के राजदूतों के साथ जिन मैम्बरों का ऐकाउन्ट है और रात को जो बार बार वहां जाते हैं उनके ऊपर कड़ी नज़र रखी जाए।

पार्लियामेंट के अन्दर हर रोज विदेशियों के साथ मीटिंगें होती हैं। मैं कहना चाहता हूं कि अगर वह कहें तो मैं इस बात को साबित कर सकता हूं कि कौन कौन से मैम्बरों की कितनी बार विदेशों के जो यहां राजदूत हैं उनके घर में रात में आना जाना रहता है। वह लम्बी लिस्ट मेरे पास है। मैं चाहूंगा कि गृह-मंत्री महोदय उस को सी बी आई को देकर जांच करवाये। यही हालत कई प्रदेशों के वजीरों की है, यही हालत कुछ पार्टियों के पोलिटिकल लीडर्स की है। विदेशों के दूतों से यहां पैसा लोग वसूल करते हैं और मुफ्त के पैसे के जोरसे सारे का सारा राजनैतिक काम किया जाता है। यह

[श्री प्रेम चन्द वर्मा]

बात मैं इसलिये कह रहा हूं कि जो आदमी इस वक्त यह काम करते हैं उन को चाहिये कि देश के हित को देखते हुए वह विदेशों से रोशनी लेना छोड़ दें और विदेशों के पैसों से देश में गड़बड़ करना बन्द करें। अगर ऐसा नहीं करेंगे तो आने वाली नस्लें उन को देशद्रोही कहेंगी। इस तरह से हमारा प्रजातन्त्र भी ठीक से चलने वाला नहीं है। मैं ने यहां पर वह हालात बयान किये जो यहां पर चलाई जा रही हैं। प्रजातन्त्र के नाम पर जो बातें यहां चलती हैं और गरीबों के नाम पर जो लोग इस तरह से अपनी बातें कहते हैं, वह देश के लिये वफादार नहीं हैं। वह चाहते हैं कि किसी भी तरीके से यहां की शासन सता को तथा कांग्रेस पार्टी को हटा दें। भले ही आज वह लोग हमारी मदद करें लेकिन मैं इस बात को भूल नहीं सकता कि वह लोग आज क्या कर रहे हैं। जो कुछ वह लोग कर रहे हैं वह देश के हित में नहीं है।

इसलिये मैं होम मिनिस्टर साहब से इतना ही अर्ज करना चाहूंगा कि यह मसला बड़ा अहम है। यह छोटी सी बात नहीं है। अगर यही हाल चलता रहा तो न जाने इस देश का क्या होगा। हमारे गृह-मंत्री मजबूत हाथ वाले हैं। वह अपने मजबूत हाथों से देश की बागडोर को सम्भालें और मजबूत हाथों से, सख्ती के साथ इस देश में जो ताकतें विघटन लाना चाहती हैं और देश का सत्यानाश करना चाहती हैं उन को रोकें। अगर इस के लिये कांस्टिट्यूशन में भी तब्दीली लानी पड़े तो हम को इस में पीछे नहीं हटना चाहिये।

SHRI SAMAR GUHA (Contai): If the debate goes on in this manner, it is no debate. It is better to postpone it. No speaker is being allowed to speak. It is up to you to control the House.

MR. CHAIRMAN: Every Member knows that this is a problem for all of us to consider seriously. Not only on this occasion but on many occasions this problem has arisen.

**श्री मनुभाई पटेल** (डभोई): सभापति महोदय, श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने देश की वास्तविक स्थिति पर इस सदन में जो विचार पेश किये उनसे देश की बड़ी सेवा हुई है क्योंकि हम कितना भी कहें कि देश में जो परिस्थिति है वह ठीक है, चाहे वह साम्प्रदायिक दंगों के बारे में हो, चाहे विदेशी इन्टरफिअरेंस के बारे में हो चाहे हमारी पोलिटिकल पार्टीज जो काम कर रही हैं उनके बारे में हो चाहे समस्या चीनी और पाकिस्तानी इन्टरफिअरेंस की हो या हमारे अन्दरूनी झगड़ों के बारे में हो, इन चीजों के कारण देश के ला ऐण्ड आर्डर की स्थिति बड़ी कमजोर हो गई है। यह चीज सबको स्वीकार करना पड़ेगा।

हमारे दोस्त श्री प्रेमचन्द वर्मा ने कहा कि राजदूतावासों के साथ सम्बन्ध रखने वालों के ऊपर नजर रखनी पड़ेगी। उन्होंने सही बात कही। परसों ही कांग्रेस वर्किंग कमेटी में जो तीन नये सदस्य लिये गये हैं अर्थात् श्री चन्द्रजीत यादव, श्रीमती नन्दिनी सत्पथी और श्री गणेश, उनके बारे में श्री चिन्तामणि पाणिग्रही, श्री वेदव्रत बरुआ आदि ने जाकर प्राइम मिनिस्टर से यही शिकायत की है कि वह कम्यूनिस्ट हैं। उन्होंने कहा है कि वह कम्यूनिस्ट हैं मैं इसलिये विरोध नहीं करता हूं, मैं विरोध इसलिये करता हूं कि **वे आर एम्बेसी पीपल**। इसका जवाब क्या है? (**व्यवधान**) एम्बेसी पीपल होने की वजह से उसी दल के साथियों ने उनकी शिकायत की है। इसलिये परसों तक जो होम मिनिस्टर बहुत मजबूत माने जाते थे, कल से वही होम मिनिस्टर कमजोर बन गये हैं। वह बचाव नहीं कर सकते हैं। यह बात मैं इसलिए नहीं कहता कि हम लोग इधर हैं। हमने होम मिनिस्टर साहब को इसके पहले भी चर्चा में कहा था कि देश में जितनी भी कम्युनल आर्गेनाइजेशंज् हैं, उन पर प्रतिबन्ध लगाओ। क्यों नहीं लगाये उन्होंने। हमने कहा था कि आर एस एस पर प्रतिबन्ध लगाओ....

SHRI TRIDIB KUMAR CHAUDHURI (Berhampore): On a point of order.

The hon. Member named certain Members and said that they were embassy people. I think it is not permissible.

SHRI RANGA (Srikakulam) : He says that somebody else has said so.

SHRI MANUBHAI PATEL : I am quoting what has been said.

MR. CHAIRMAN : He is not making that charge himself.

**श्री गुणानन्द ठाकुर** (सहरसा) : सभापति महोदय, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। माननीय सदस्य ने कहा है कि तीन संसद सदस्य एम्बैसी के लोग हैं। मैं आग्रह करूंगा कि इसकी जांच के लिए आप एक पार्लिमेंटरी कमेटी बनाइये और माननीय सदस्य वहां जाकर इसको साबित करें......

MR. CHAIRMAN : The same point was raised and he clarified that he did not make that allegation but that he only referred to some statement made by somebody else.

**श्री मनुभाई पटेल** : मैंने गत सेशन में होम मिनिस्टर से विनती की थी कि आप देश में जितनी भी कम्युनल आर्गेनाइजेशंज़ हैं उनके ऊपर प्रतिबन्ध लगायें। आर एस एस पर आप क्यों नहीं लगाते हैं ? क्यों मुस्लिम लीग पर नहीं लगाते हैं ? जितनी कम्युनल आर्गेनाइजेशंज़ हैं उन पर क्यों नहीं लगाते हैं ? मुझे शक होता है कि होम मिनिस्टर ऐसा कर सकेंगे। उन्हें इसमें थोड़ी तकलीफ है। क्योंकि यदि इन पर प्रतिबन्ध लगाते हैं तो उनको शिव सेना पर भी प्रतिबन्ध लगाना पड़ेगा। शिव सेना पर प्रतिबन्ध क्यों नहीं लगाते हैं ? प्रधान मंत्री लास्ट टाइम बम्बई गई थीं। उस समय शिव सेना के नेता बाल ठाकरे के साथ उन्होंने खानगी गुफ्तगू क्यों की थी ? क्यों एनकरेज करते हैं आप ऐसी आर्गेनाइजेशंज़ को ?

यहां ए आई सी सी की मीटिंग हुई। उसमें एक सेवा दल का गठन किया गया था। सेवा दल में स्वयं सेवक होते हैं। लेकिन सभापति महोदय, आप देखें कि उस सेवा दल का नाम इन्होंने नेहरु ब्रिगेड रखा था। क्या ब्रिगेड शब्द कुछ कनोट करता है या नहीं करता है ? कौन से नाम का आप इस्तेमाल करना चाहते हैं ? शशि भूषण जी ने कांग्रेस प्रेजीडेंट को मिसहैंडल किया था। तारकेश्वरी सिन्हा को जिस तरह से तमाचा लगाया गया था, उसकी बुराई सबने की है, उसको सबने कंडम किया था। खुद प्रधान मंत्री ने जोर देकर कहा था कि यह जो किया गया है ठीक नहीं किया गया है। फिर भी उन सब लोगों को इन्होंने वापिस ले लिया। जिन्होंने वायोलेंस किया था, वायोलेंट एक्टिविटीज़ में भाग लिया था, उन सबको इन्होंने वापिस ले लिया। क्या ऐसे एकशंज़ से देश में वायोलेंस को बढ़ावा नहीं मिलता है ? क्यां देश में इस तरह से कम्युनल परिस्थिति बिगड़ती नहीं है ?

यहां बंगाल की बात कही गई है। वहां एक दिन ऐसा नहीं गया जब टैररिज्म न हुआ हो। मैं एक एक कर गिना सकता हूं। ट्रेन सर्विसिस के बारे में सुनिये :

> "Train services on six out of seven divisions of the South Eastern Railway were dislocated on 52 occasions during the nine month period ended September 30 as the result of which mail, express and passenger trains are stated to have lost 577 hours, out of which trains running in the West Bengal sector alone suffered 541 hours detention-*Statesman* 21.10.1969".

इन्डस्ट्री के बारे में वहां के इन्डस्ट्रीज़ मिनिस्टर कहते हैं :

> "The West Bengal Labour Minister is apparently concerned about the continued closure of a large number of industrial and other establishments. A non-official estimate of such units is over 50," etc. (*Statesman* dated 5.10.69)

5 अक्तूबर, 1969 के युगान्तर में लिखा है :

> "Mr. Ashoke Ghose, Secretary, West Bengal Forward Bloc, told a press

conference here today that the CPI(M) alone was responsible for adverse law and order situation in West Bengal..." (*Jugantar* dated 5.10.69)

श्री राज नारायण ने कहा है :

"Mr. Raj Narain, SSP leader, in a press statement on Tuesday, said the kind of gangsterism which the CPI(M) was perpetrating under governmental aegis in West Bengal was unknown to any part of the world."

श्री जयप्रकाश नारायण ने कहा है :

"Shri Jaya Prakash Narayan, in a letter to Mr. Jyoti Basu, mentioned the "reign of terror" prevailing there. Mr. Narayan also blamed the district Magistrate as unwilling to do anything without ascertaining the view of Mr. Jyoti Basu."

इस परिस्थिति से तंग आकर पश्चिमी बंगाल के मुख्य मंत्री, श्री अजय मुकर्जी, को मजबूरन सत्याग्रह और फास्ट करने का निर्णय लेना पड़ा। इस बारे में कहा गया है :

"Concerned about the continuing lawlessness and violence in West Bengal, the Bangla Congress Secretariat which met here today gave the green signal to the party's programme for a satyagraha largely in the form of fasting by party volunteers at public places from December."

42,000 volunteers will participate.

जहां के चीफ मिनिस्टर खुद कैदी बन गये हों, वहां के शासन की क्या हालत होगी ! (व्यवधान)

सरकार द्वारा हरिजनों को कोई सेफ्टी नहीं दी जा सकी है। धर्म-परिवर्तन के नाम पर आदिवासियों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। फादर फेरर को पहले देश से बाहर निकाल दिया गया था, लेकिन बाद में उनको फिर यहां आने की अनुमति दे दी गई और वह आज भी धर्म-परिवर्तन का काम कर रहे हैं।

जहां तक अहमदाबाद की घटनाओं का सम्बन्ध है, वहां पर जो कुछ हुआ, वह किसी को पसन्द नहीं है। उन घटनाओं से हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। लेकिन इस बात पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है कि सारे देश में अल अक्सा के प्रश्न पर जलूस आर्गनाइज़ करने वाली कमेटी में केन्द्रीय सरकार के मंत्री श्री फखरुद्दीन अली अहमद भी थे। जब उनको यह बात कही गई, तो उनको बुरा लगा। अहमदाबाद में अल अक्सा के बारे में जो जलूस निकाला गया, उसमें अल अक्सा के बारे में जो नारे लगाये गये, उन पर कोई आपत्ति नहीं की जा सकती है। इस मामले में हम उन लोगों के साथ हैं और उनके साथ हमारी सहानुभूति है। हमारा मत है कि किसी भी धार्मिक स्थल को जलाना, हानि पहुंचाना या अपवित्र नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन उस जलूस में "पाकिस्तान जिन्दाबाद" के नारे भी लगाये गये। (व्यवधान)

**श्री इसहाक सम्भली** : गलत है। श्री चव्हाण ने इस बात से इन्कार किया है। (व्यवधान)

[ شری اسحاق سمبھلی-غلط ھے-
شری چوان نے اس بات سے انکار کیا
ھے (ویودھان) ... ]

**श्री मनुभाइ पटेल** : इसमें केन्द्रीय सरकार की जिम्मेदारी इसलिए आती है कि उस जलूस में जो पाकिस्तानी नागरिक थे, उनके वीसा खत्म हो गये थे, लेकिन फिर भी उनको इस देश में रहने दिया गया। (व्यवधान) उस जलूस में, और जितने कम्युनल दंगे हुए, उनमें काम करने वाले पाकिस्तानी एजेन्ट थे। खुद बादशाह खां ने कहा है कि उसमे परदेशी एजेन्टों का हाथ है। मैं केन्द्रीय सरकार से पूछना चाहता हूं कि जिन पाकिस्तानी सिटीज़न्ज़ के वीसाज़ की लिमिट खत्म हो गई है, वे आज भी भारत में क्यों हैं।

जगन्नाथ जी के मन्दिर पर जो हमला हुआ, मैं उसमें नहीं जाना चाहता। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि जिस मुहम्मद सद्दीक के घर में बम फटा, उसकी कार में श्री भूपेश गुप्त थे। (**व्यवधान**) कम्युनलिस्ट्स और कम्युनिस्ट दोनों का दंगे कराने में इन्ट्रेस्ट है, क्योंकि देश में ला एण्ड आर्डर खत्म होने, अराजकता फैलने और देश की आम परिस्थिति खराब होने से उनका काम आगे बढ़ता है।

प्रश्न यह है कि ऐसा क्यों हुआ है और क्या इसमें केन्द्रीय सरकार की जिम्मेदारी है या नहीं। आज देश में जो स्टेबल स्टेट गवर्नमेंट्स हैं, प्राइम मिनिस्टर उनको तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। (**व्यवधान**) क्या इसमें केन्द्रीय सरकार की जिम्मेदारी नहीं है ? जहां मैजारिटी है, गुजरात जैसे राज्य में जहां स्थिर शासन है वहां आप सरकार को खत्म करने के लिए अपनी हुकूमत का उपयोग करते हैं। इतना ही नहीं कांग्रेस के अन्दर जो मैथड और मीन्स इन्होंने अभी अभी अख्तियार किये हैं वह कांग्रेस के सिद्धान्तों और आदर्शों के खिलाफ हैं। आपस में मतभेद हो सकते हैं। लेकिन हमारा मत यह है कि जिस दिन उन्होंने प्रेसीडेंशियल एलेक्शन में जातिवाद और कौमवाद का आश्रय लेकर गलत मेथड और मीन्स अख्तियार किए और इन्डिसिप्लिन का नेतृत्व किया उसका प्रभाव भी ला एण्ड आर्डर पर पड़ता है.... (**व्यवधान**) इसकी जिम्मेदारी सीधे इनके ऊपर आती है। देश में क्यों ऐसी परिस्थिति निर्माण होती है....

MR. CHAIRMAN : This is a motion on subversive and violent activities being encouraged by political parties and foreign powers. Are you citing this instance as one of encouraging subversive and violent activities by the Prime Minister ? (*Interruptions*)

**श्री मनुभाई पटेल** : देश में जहां जहां स्टेबिलिटी है उसको खत्म करने के लिए जितनी भी फोर्सेज काम करती हैं चाहे अन्दर की हों, चाहे बाहर की हों, वह सब इसमें कांट्रीब्यूटरी फैक्टर्स हैं।

This is one of the contributory factors and that is why I am putting emphasis on this also.

मैं आखीर में यही बात पूछना चाहूंगा कि क्या जो लोग एक्सट्रा कांस्टीट्यूशनल ऐक्टिविटीज करते हैं और जो अन्दर आकर कांस्टीट्यूशन को तोड़ने की बात करते हैं जैसे ज्योति बसु, उनके बारे में आप क्या कदम उठा रहे हैं ? प्राइम मिनिस्टर जो स्ट्रीट्स में पालिटिक्स ला रही हैं उसके बारे में आप क्या करना चाहते हैं ? पाकिस्तानी इन्फिल्ट्रेशन जो होता है उसके बारे में आप क्या कदम उठाने जा रहे हैं ? जो चाइनीज लिटरेचर्स यहां पर बांटे जाते हैं और नक्सलाइट्स के साथ उनकी लिंक बन जाती है उसके बारे में क्या करने जा रहे हैं ? जो रशियन एम्बैसी और दूसरी एम्बैसी वाले वहां पर इन्फ्लुएंस करते हैं और उनका गवर्नमेंट उपयोग करती है अपनी पालिसी बनाने में उसके बारे में आप क्या करने जा रहे हैं ? जो रशियन मनी यहां फ्लो कर रहा है उसको आप कैसे रोकने जा रहे हैं.... (**व्यवधान**).... अमेरिकन हो तो और भी गलत बात है। हम उसके भी खिलाफ हैं। आखरी सवाल मैं पूछना चाहता हूं कि आर० एस० एस०, मुस्लिम लीग, गोपाल सेना, नेहरू ब्रिगेड, शिव सेना क्या इन पर आप बैन लगाएंगे या नहीं ? यदि यह सब करने को तैयार नहीं हैं तो देश में कानून व्यवस्था नहीं बन पायेगी और यदि देश में कानून व्यवस्था तोड़ने की किसी पर भी जिम्मेदारी होगी तो यह इस सरकार की जिम्मेदारी होगी।

MR. CHAIRMAN ; Shrimati Ila Palchoudhuri. (*Interruptions*). Will you please listen to the hon. Lady Member ? She cannot raise her voice as many of you. (*Interruptions*).

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURI (Krishnagar) : Mr. Chairman, I have been listening to the debate carefully. I am very grateful to Mr. Prakash Vir Shastri for having brought this matter to the notice of the House. There is one thing we must really take into consideration : What are the things that are working in this country

[Shrimati Ila Palchoudhuri]

to bring about this state of chaos and disruption that is there in many States, particularly in West Bengal ? What is the mind that is working behind it ? The Central Government had sent a circular to all State Governments to observe the Solidarity Day, which is always observed all over India on 18th October ever since the Chinese aggression on India. What was the answer that the West Bengal Government gave ? According to Shri Jyoti Bhattacharyya, the Minister of Information, the Cabinet...

MR. CHAIRMAN : I would like to remind the House that we are not discussing the conduct of any particular State Government at this stage. So, I would request hon. Members not to bring in State Governments as such.

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURI : Please listen to the objection. He says that they took objection to certain words in the solidarity pledge which forbids violence in seeking redressal of grievances political, religious or linguistic. So, they want violence to be perpetuated and that is why they objected to observing the solidarity day. Therefore, no function was held in a certain State; if you want to know the name, it was the State of West Bengal.

Then, in the Gandhi Centenary year what happened in Bangalore ? Mao Tse-tung posters appeared in Bangalore, condemning Gandhi thinking and Gandhian policies. It is these things which are responsible for eruption of violence.

Shri Prakash Vir Shastri quoted some figures. I do not want to take the time of the House. So, I will quote only a few figures. Even according to the figures quoted in the Assembly, upto July 1969 there were 75 political murders, 166 violent and illegal gheraos...(*interruptions*) If you want the latest figures you have to add at least 100 to each.

Then I would like to say with shame what happened in Kankey, when an expectant mother was speared to death. That case has been withdrawn and nobody has been arrested on that account. Surely, it is a dark day for India if an expectant mother is put to death and no action is taken against the culprits.

I would like to invite the attention of the House to another peculiar thing. CPI(M) has a funy logic. Whenever their workers go to a coalfield or a tea garden they tell the workers that they are fighting for full implementations of the wage board awards in regard to dearness allowance. At the same time, they make an offer to the employers that if they recognise the trade unions of CPI(M) they will not press for full implementation of those awards...(*interruptions*) and that the dearness allowance given in instalments.

SHRI UMANATH : The hon. Member has read from some paper. We are entitled to know from where she has got this information.

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURI : *Hindustan Standard.*

SHRI UMANATH : Birla paper.. (*interruptions*) It belongs to the syndicate. Do not quote your adversaries, the syndicate...(*interruptions*)

SHRI PILOO MODY (Godhra) : The same item appeared in the Peking Times.

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURY : This morning it has appeared in all papers.

SHRI JYOTIRMOY BASU (Diamond Harbour) : Which paper ?

SHRI PILOO MODY : Peking Times... (*interruptions*)

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURI : Not Peking papers...(*interruptions*) It has come out in all the papers.

SHRI JYOTIRMOY BASU : I seek your protection, Sir. I want to know from which paper she is reading.

SHRI UMANATH : Do not take inspiration from Shrimati Sucheta Kripalani.

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURI : I do not take inspiration from him.

It has come out in all the papers. 2,000 people raided a village in 24-Parganas and hacked two men to pieces. The police has done nothing about it. In fact, the thana

was gheraoed and till the people, who had been arrested, were released, the gherao was not lifted.

SHRI UMANATH : How many people were killed by the Jotedars in West Bengal ? You were silent about it.

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURI : The Jotedars do not go about killing people. They cultivate fields in co-operation with the cultivators (*Interruptions*)

Then, in Memari Thana 3,000 to 4,000 people went with lethal weapons and looted the poor cultivators' paddy and police has done nothing...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Order, order. We cannot carry on a discussion like this. It is impossible to make out what the hon. Member is speaking and what hon. Members want to say when they intervene. Of course, interruptions are quite common in a debate but let us understand what hon. Members want to say when they intervene. Let that also be conducted in an orderly manner, one by one. If all Members get up and interrupt, what they say cannot be understood. If somebody wants to know the name of the newspaper, she will naturally let him know.

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURI : This is the newspaper. It is there in the *Statesman*. It has come out in all the papers.

The Memari Thana incident has been sent to us by telegrams and trunk calls. Then, I wrote to the Prime Minister regarding the Ghosh Commission where my own counsel, Shri Mihir Sen, had to give up arguing because his life had been threatened and his junior had to give up because he was assaulted. Lady advocates and lawyers were insulted. Their idea in insulting them is to see that the Commission should be wound up and no evidence should be taken or recorded because the evidence was heavy against them and they did not want the public to know that evidence. So, they intimidated the witnesses and assaulted the lawyers. A commission is put up by Government when they want to get at the bottom of some very heinous occurrances that have happened. To obstruct that commission is surely one way by which chaos can be created. I wrote to the Prime Minister and told her that what they are propagating is that when the banks have been taken over why we should not take over fisheries and lands. That is the kind of propagation that is going on. I would only beg of the Government that they take note of this because here the law and order situation is greatly jeopardised...(*Interruption*)

SHRI UMANATH : Move a resolution in your parliamentary party meeting.

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURI : All right; I will. It is not for you to advise me.

The Constitution is for the people. The Constitution speaks in one voice in times of peace and in times of war; at all times. So, I would ask the Government to take note and not to take the attitude that they can do nothing because they are bound by the Constitution and are helpless. Much can be done and this chaos can be put a stop to if the Government takes strong action.

MR. CHAIRMAN : Obviously, this discussion will continue on another day and I hope the hon. Speaker will fix up the date.

SHRI PILOO MODY : Meanwhile, let us put the Home Minister on notice that he either rectifies the situation or else...

17.35 hrs.

## HALF AN HOUR DISCUSSION INCOME-TAX ARREARS

श्री ओमप्रकाश त्यागी (मुरादाबाद) । उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने मेरे एक प्रश्न का जवाब देते हुए बहुत बड़े रहस्य की बात कही है। मैंने पूछा था कि जो आय कर इस देश में बकाया है वह कितना है ? उन्होंने कहा था कि 554.08 करोड़ रु० आय कर का बकाया है। मैंने यह भी पूछा था कि बकाया की वसूली किस प्रकार हो रही है ? जिसका उन्होंने एक बड़ा लम्बा उत्तर दिया। जिस देश में पांच, छः अरब रु० टैक्स का बकाया हो उसकी क्या आर्थिक स्थिति होगी इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। बकाया वसूल न होने का दोष किसका है ? मेरी राय